सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 126 | इंदौर, गुरुवार 21 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज: AAP पीएसी की बैठक आज, उम्मीदवारों की पहली सूची हो सकती है जारी
2. UP: बड़ा बदलाव, महिला पुलिसकर्मी के शहीद होने पर जीवनसाथी या कानूनी वारिस को मिल सकेगी अनुग्रह राशि; आदेश जारी

# जल्द पूरा होगा मेट्रो का सपना

## शहरवासियों को मिलेग अनोखी सौगात, बस थोड़ा और इंतजार

इंदौर में मेट्रो का सपना जल्दी ही पूरा होने वाला है और शहरवासियों को एक अनोखी सौगात मिल सकेगी,बस इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो कम्पनी तेजी से काम को आगे बढ़ा रही है। पहले चरण में पौने 6 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है जिसमें पांच स्टेशन शामिल है। मेट्रो कम्पनी ने कमर्शियल रन शुरू करने की अवधि दिसम्बर माह रखी है, लेकिन जिस तरह मेट्रो स्टेशनों का फिनिशिंग का काम बचा है उसको देखते हुए कमर्शियल रन नए साल में ही प्रारंभ हो सकेगा।



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कमर्शियल रन प्रारंभ करने से पहले दिल्ली से मेट्रो रेल सेफ्टी के विशेषज्ञों का एक दल मेट्रो रेल तथा स्टेशनों की जांच करने इंदौर आएंगा। उनकी रिपोर्ट के बाद कमर्शियल रन शुरू हो सकेगा। बताया जाता है कि इंदौर मेट्रो के किराए की संरचना, कीमतें और नियम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। कमर्शियल रन शुरू होने के करीब इसे अंतिम रूप दिया जाएगा एमपीएमआरसीएल अपने स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) सिस्टम के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने की योजना बना रहा है ताकि क्यूआर कोड और नियर फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) फोन सिस्टम का उपयोग कर सकें। अधिकारियों का कहना है कि फेयर कलेक्शन की तकनीक को आने वाले समय में अपग्रेड किया जाएगा। यह तकनीक मेट्रो में रायडरशिप के अनुसार तय होगी। जब तक मेट्रो स्टेशनों पर फेयर कलेक्शन की तकनीक प्रारंभ नहीं होती तब तक स्टेशनों पर यात्रियों को टोकन सिस्टम से ही मेट्रो में एंट्री मिलेगी। फेयर कलेक्शन सिस्टम अपडेट होने के बाद सभी मेट्रो स्टेशनों पर इसी सिस्टम के तहत टिकट मिलेगा।

### आरडीएसओ ने इंदौर मेट्रो के लिए रोलिंग स्टॉक परीक्षण पूरा किया

इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत अनुसंधान , डिजाइन और मानक संगठन यानी रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंण्डर्डस आर्गेनाईजेशन (आरडीएसओ) द्वारा संचालित इंदौर मेट्रो रोलिंग स्टॉक (मेट्रो रेल सेट) के ऑसिलेशन और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं! इस मौके पर मेट्रो कम्पनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने विश्व स्तरीय मेट्रो की दिशा में इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी। विगत 9 से 17 नवंबर के बीच, गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर आरडीएसओ ने इंदौर मेट्रो पर महत्वपूर्ण परीक्षण किए, जिसमें सवारी की गुणवत्ता और ब्रेकिंग प्रदर्शन का आकलन किया गया। एमडी श्री एस. कृष्ण चैतन्य,ने इस उपलब्धि को इंदौर की परिवर्तनकारी शहरी परिवहन प्रणाली के लिए परिचालन तत्परता की दिशा में एक कदम बताया।

### परीक्षण रिपोर्ट मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त को भेजी जाएगी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि मेट्रो रेक के लिए ऑसिलेशन ट्रायल पूरा हो चुका है। आरडीएसओ अब ट्रायल के इस सेगमेंट की अपनी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के साथ-साथ मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) को भेजेगा। ये परीक्षण खाली और भरे हुए दोनों रेकों के साथ 90 किमी/घंटा की अधिकतम गति सीमा पर किए गए। मेट्रो प्रणालियों के लिए दोलन परीक्षण विभिन्न गति पर ट्रेन के गतिशील प्रदर्शन और स्थिरता का परीक्षण करते हैं। 9 नवम्बर से शुरू हुए ये परीक्षण मेट्रो के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन परीक्षणों के दौरान जिन प्रमुख पहलुओं पर परीक्षण किया गया, उनमें यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन के अंदर होने वाले कंपन और त्वरण का मूल्यांकन करके सवारी की सुविधा का निर्धारण करना शामिल है।

**परीक्षण के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे -**

#### परीक्षण का उद्देश्य

इन परीक्षणों का उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न परिचालन परिदृश्यों के तहत ऑसिलेशन व्यवहार और ब्रेकिंग का मूल्यांकन करना था।

#### महत्वपूर्ण डेटा संग्रह

विशेषज्ञों ने सावधानीपूर्वक कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस, और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया। यह डेटा इंदौर मेट्रो की वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### इंदौर मेट्रो के लिए महत्व

इन सफल परीक्षणों का इंदौर मेट्रो रेल परियोजना में एक प्रमुख महत्व है एवं उपलब्धि को दशार्ता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि रोलिंग स्टॉक सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा करता है।

#### आगे की योजना

परीक्षणों के दौरान संग्रह किए गए डेटा और निष्कर्षों का विश्लेषण अब सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी को अंतिम रूप देने के लिए किया जाएगा। यह उपलब्धि इंदौर में मेट्रो सेवाओं की शुरूआत की दिशा में प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इंदौर मेट्रो परियोजना शहर में शहरी परिवहन का स्वरूप बदल देगी और शहरवासियों के लिए एक कुशल, और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करेगी।

#### एमडी का संदेश

इस अवसर पर एस. कृष्ण चैतन्य, ने कहा ऑसिलेशन और ईबीडी परीक्षणों का सफल समापन इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मेट्रो टीम, कॉन्ट्रैक्टर, कन्सल्टन्ट को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। यह सफलता इंदौर में विश्वस्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विजन को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लालबाग में 21 हजार बालिकाएं करेंगी महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पाठ

**एक हजार कन्याओं का होगा पूजन, 5 दिन चलेगा सेवा मेला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लालबाग में 24 नवंबर की शाम 4 बजे अनूठा आयोजन होगा। यहां एक हजार कन्याओं का पूजन होगा। 21 हजार बालिकाएं महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पाठ करेंगी। 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक लालबाग परिसर में सेवा मेला लगाया जाएगा।**

हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक गुणवंत सिंह कोठारी, इंदौर चेयरमैन विनोद अग्रवाल, इंदौर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने बताया कि युवा शक्ति के चिंतन और जीवनशैली में व्यापक परिवर्तन के लिए प्रशिक्षित और जवाबदारी का भाव विकसित करेंगे।

### एक साथ कन्याएं करेंगी पाठ

महिला समन्वयक विनीता धर्म, आईएमसीटीएफ इंदौर अध्यक्ष मंजूषा राजस जौहरी और एचएसएसएफ सदस्य सरस्वती पेंढारकर ने बताया कि भारतीय पारंपरिक परिधानों में सजधज कर बालिकाएं महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत का पाठ एक साथ करेंगी। इसके लिए हर दिन विभिन्न सत्रों में ऑडियो-वीडियो और धार्मिक किताबों के माध्यम से रिहर्सल करवाई जा रही है। एक साथ एक ही सुर ताल में स्त्रोत का पाठ न केवल माहौल को आध्यात्मिकता से जोड़ेगा बल्कि सकारात्मक की लहर भी घोल देगा।




आयोजन में 100 कन्याएं मंच पर त्रिशूल के साथ दिखेंगी और मंच के ठीक सामने 1 हजार कन्याओं का पाद-पूजन होगा।

### घर-घर पहुंची 21 हजार किताबें

हिन्दू आध्यात्मिक सेवा संस्थान के प्रचार प्रमुख जवाहर मंगवानी, कार्यक्रम संयोजक अनूप शुक्ला, व्यवस्था प्रमुख दीपक जैन (टीनू) ने बताया रविवार को होने वाले इस कन्या पूजन और महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पाठ में मठ-मंदिर, एनजीओ सहित कई स्कूल की बालिकाएं शामिल होंगी। अन्य सामाजिक संगठनों का भी इसमें विशेष सहयोग रहेगा। आयोजन के पहले 21 हजार से ज्यादा किताबें घर-घर पहुंचाई जा चुकी है। प्रोग्राम में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र के लोग भी शामिल होंगे।

# डीपी पर चिपकाया पोस्टर तो लगेगा स्पॉट फाइन

**टिफिन सेंटर संचालक पर जुर्माना, कचरा गाड़ी में गंदगी देख निगमायुक्त हुए नाराज**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अब सरकारी बिल्डिंग या संसाधन पर निजी पोस्टर-पैम्पलेट चिपकाना भारी पड़ने वाला है। बुधवार को बिजली की डीपी पर किचन सेंटर का पोस्टर-पैम्पलेट चिपकाने पर उसके मालिक को स्पॉट फाइन भरना पड़ा।**

मामला सुदामा नगर का है। इलाके में संचालित किचन सेंटर और प्रॉपर्टी ब्रोकर ने डीपी पर ही अपने नाम का पैम्पलेट चिपका दिया था। बुधवार को निरीक्षण पर निकली निगम की टीम ने दोनों के खिलाफ तीन - तीन हजार रुपए का स्पॉट फाइन चार्ज कर दिया। नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि डीपी पर चिपकाए गए किचन सेंटर के पैम्पलेट में पता भी लिखा हुआ था। इसके जरिए सीएसआई आशीष कापसे पहुंचे और किचन सेंटर के मालिक को स्पॉट फाइन की रसीद थमा दी। कापसे ने कहा कि आस्था पैलेस कॉलोनी निवासी प्रशांत सोनी ने मकान बिकाऊ और ग्रहणी किचन टिफिन सेंटर ने किचन के प्रचार संबंधी पैम्पलेट चिपका दिए थे।

### जीटीएस प्रभारी पर नाराज हुए निगमायुक्त

निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बुधवार को जोन-17 के विभिन्न क्षेत्रों सहित नरवल स्थित जीटीएस (गारबेज ट्रांसफर स्टेशन) स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान डोर - टू - डोर कचरा कलेक्शन करने वाले वाहन के जीटीएस में खाली होने के पश्चात भी वाहन में कचरा होने पर जीटीएस प्रभारी पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी, जीटीएस प्रभारी, वर्कशॉप प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

# अमानक बीज, कीटनाशक और उर्वरक विक्रय करने वालों पर तत्काल एफआईआर करें

**मंडियों में किसानों को उपज का उचित दाम मिले, यह सुनिश्चित कराया जाए - कलेक्टर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में अमानक बीज, कीटनाशक और उर्वरक किसी भी स्थिति में विक्रय नहीं हो। नियमित रूप से बीज, कीटनाशक और दवा विक्रेताओं के यहां से सैंपल लेने की कार्रवाई की जाए। अमानक बीज, कीटनाशक अथवा उर्वरक पाए जाने पर तत्काल संबंधित विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की जाए।

यह निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने किसान संघ प्रतिनिधियों की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में किसान संघ प्रतिनिधि की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने किसान संघ प्रतिनिधियों से किसानों संबंधित समस्याओं और उनके निराकरण के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में किसान संघ के प्रतिनिधिगण, उप संचालक कृषि श्री शिवकुमार राजपूत, मार्कफेड डीएम श्री अर्पित तिवारी, उपायुक्त सहकारिता श्री मदन गजभिये सहित मंडी अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने देपालपुर क्षेत्र में वोल्टेज संबंधित समस्या सामने आने पर ट्रांसफार्मर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने झूलते तारों के कारण संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। कुसुम योजना के तहत ग्राम अम्बालिया को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने किसान संघ प्रतिनिधियों के साथ निर्धारित समयावधि में नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी की स्थिति ना हो, यह सुनिश्चित कराया जाए। किसानों को सोयाबीन उपज का उचित दाम मिले।

किसान संघ प्रतिनिधिगण द्वारा विभिन्न मंडियों में किसानों को होने वाली समस्याओं के संबंध में बताया गया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने किसान संघ प्रतिनिधियों, मंडी व्यापारी प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी में उपज विक्रय के लिए आने वाले किसानों को उपज का उचित दाम मिले, यह जिले की सभी मंडियों में सुनिश्चित कराया जाए।

# होलकर विज्ञान महाविद्यालय में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर संगोष्ठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गवर्नमेंट होलकर साइंस कॉलेज, इंदौर के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक जानकारीपूर्ण संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. संध्या एस. चौकसे, कार्यकारी निदेशक, एसकेसी छठउळ ग्रुप, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। यह सत्र कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग में हुआ, जिसमें 200 से अधिक छात्रों और विभाग की सभी फैकल्टी ने भाग लिया। डॉ. संध्या एस. चौकसे ने अपने व्याख्यान में दैनिक जीवन के तनाव से निपटने के उपाय बताए और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए नियमित दिनचर्या, सही खानपान और ध्यान की महत्ता के बारे में बताया। डॉ. चौकसे ने यह भी सलाह दी कि छात्रों को दिन में पर्याप्त पानी पीना चाहिए, सूखे मेवे और मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए, और अंकुरित आहार को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर प्रणिता जोशी ने किया, और कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने किया। यह संगोष्ठी बहुत सफल रही और उपस्थित सभी व्यक्तियों ने तनाव प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियाँ सीखीं, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा

# रोजगार मेले के माध्यम से 352 युवक-युवतियों को मिली नौकरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, आई टी आई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के सामूहिक प्रयास से बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंदा नगर इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आयोजित रोजगार मेले में कुल 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवक-युवतियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया गया।

उप संचालक रोजगार श्री पी.स. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 596 (475 युवक और 121 युवतियों) का पंजीयन हुआ। जिसमें से कुल 352 (274 युवक और 78 युवतियों) का कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। कंपनियों द्वारा एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, मार्केटिंग, केशियार, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, हाउस कीपर, डिलेवरी बॉय, रिसेप्?सनिस्ट, हेल्पर, वाहन चालक, फीटर, इलेक्ट्रिशियन,आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले में पटेल मोटर्स, श्याम आटोमोटिव, आइसेक्ट, फार्मा ग्रोथ, शेफाली बिजनेस सोल्यूशन, भारत लाइफ स्पेस, जस्ट डायल, पेटीएम, इंस्टा पावर, भारतीय जीवन बीमा, कैरिफास्ट लोजिस्टिक्स आदि कंपनियों में युवक-युवतियों को रोजगार मिला। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 76 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी/मार्गदर्शन दिया जाकर स्वरोजगार स्थापित किये जाने एवं प्रकरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया।

# धोखाधड़ी के शिकार दिल्ली के कारोबारियों को इंदौर पुलिस से आस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दिल्ली के तीन कारोबारी कल इंदौर पुलिस की जनसुनवाई में पहुंचे और खुद के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत की। दरअसल धोखाधड़ी करने वाला रशियन नागरिक इन दिनों इंदौर में है और यहां एक कारोबारी के साथ धोखेबाजी को लेकर लगातार विवाद में घिरा हुआ है। दिल्ली के कारोबारियों को जब उसके इंदौर में होने की खबर मिली तो वह दूसरी बार इंदौर पुलिस के पास पहुंचे और कार्रवाई की गुहार लगाई है। इंदौर पुलिस ने मामले में आश्वासन दिया है कि जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली में कारोबार करने वाले छोटेलाल, प्रदीप कुमार और अजीत तिवारी कल इंदौर पुलिस की जनसुनवाई में पहुंचे थे। उन्होंने रशियन कारोबारी गौरव अहलावत के खिलाफ शिकायत की। गौरव अहलावत और उनके परिवार के लोग दिल्ली में पहले कारोबार करते थे। जीआरवी क्रिएशंस के नाम से उनका कारोबार था। छोटेलाल ने बताया कि उसके साथ ५३ लाख की धोखाधड़ी हुई है, जबकि प्रदीप कुमार ने २१लाख और अजीत तिवारी ने ३० लाख रुपए की बात कही है। गौरव अहलावत और उसके साथी दिल्ली में अपना कारोबार और ऑफिस सब कुछ बंद करके वहां से रफू चक्कर हो गए। फिर इंदौर में बिस्किट कारोबारी के साथ धंधा शुरू किया। यहां बिस्किट कारोबारी व अन्य पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए । लगातार मामले में शिकवे शिकायत चल रहे है। शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक भी की गई है। फिलहाल इंदौर पुलिस के अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि दिल्ली के कारोबारी जनसुनवाई में आए थे, उनकी शिकायतों पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

# नशे में कार लेकर बिजली के पोल से टकराए

## बाइक सवार और कार को मारी टक्कर

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में बुधवार रात एक हादसा हो गया। नशे में धुत कार चालक ने एक अन्य कार को टक्कर मारी। इसके बाद कार बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बिजली के पोल से टकरा गई। मौजूद लोगों ने कार से दो युवकों को उतारा, जो नशे में थे। जिसके बाद पुलिस उन्हें थाने लेकर चली गई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 78 की है। यहां सैफी निवासी खातीवाला टैंक और उसके दोस्त रात में कार से अपने घर जा रहे थे। सर्विस रोड पर उन्होंने तेज रफ्तार में कार चलाते हुए सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों ही कार अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बिजली के पोल से टकरा गई। तेज आवाज आने पर आसपास के लोग बाहर आए तो कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। कार सैफी नाम का युवक चला रहा था, रात में पुलिस उन्हें लेकर थाने चली गईं। घटना के समय मौजूद लोगों ने बाइक सवार युवक को निजी अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि उसके हाथ और पैर में चोट आई है, फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# अड़ीबाजी करने वाला बदमाश का जुलूस निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ज्यूस की दुकान पर एक कर्मचारी को चाकू की नोंक पर धमकाने वाले बदमाश का बुधवार को पुलिस ने जुलूस निकाला। इस दौरान वह लंगड़ाते हुए चल रहा था। वहीं, दोनों हाथ जोड़कर कहता दिखा कि पुलिस हमारी बाप है, अपराध करना पाप है।

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इंडस्ट्रीज एरिया गुरूकुल में रहने वाले बदमाश वेदांत पिता महेंद्र सिसोदिया ने एक 'यूस सेंटर के कर्मचारी सिराज अली पर चाकू अड़ा दिया। वह उससे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा। इसके बाद मौका पाकर सिराज वहां से भागा। वह भागते हुए बेल्ट की दुकान लगाने वाले फिरोज के पास पहुंचा। इस दौरान नजदीक ही ड्यूटी कर रहे सिपाही निर्मल पर फिरोज की नजर गई। उसने सिपाही को मदद के लिए आवाज लगाई। पुलिस को देख बदमाश वेदांत भागने लगा। उसे सिपाही ने दौड़कर दबोच लिया। इसके बाद उसे थाने ले जाया गया। जहां बुधवार को उसका उसी इलाके में जुलूस निकाला जहां उसने चाकू दिखाकर अड़ीबाजी की थी।

# बिजली कंपनी के अफसर पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खेत में चोरी की बिजली से मोटर चला रहे किसान के खिलाफ बिजली विभाग ने कार्रवाई की तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर बिजली अफसरों पर ही हमला कर दिया। मामले में बेटमा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बेटमा थाने में प्रेमसिंह कनेश पिता खुमान सिंह निवासी अलीराजपुर हाल मुकाम सिलिकॉन वैली कॉलोनी राउ की शिकायत पर कालू सिंह निवासी ग्राम झलारिया और संदीप के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कालू सिंह का खेत ग्राम रावद में है। एमपीईबी के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि वह अपने खेत में बोर को गलत तरीके से एल टी तार पर वायर डालकर बिजली चुरा कर चला रहा है। प्रेमसिंह कनेश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्षियों के सामने वायर जब्त कर कार्रवाई की। इस दौरान कालू सिंह का बेटा संदीप भी वहां पर आ गया। दोनों ने बिजली अधिकारियों को अपशब्द कहे। प्रेमसिंह कनेश के साथ तो मारपीट ही कर डाली। इस हमले में उनके सिर में चोट आई है। तुरंत ही पुलिस को खबर की गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया।

## जिम में युवती से ट्रेनर ने की छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआ पुलिस ने जिम के ट्रेनर के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया है। एफआईआर जिम आने वाली युवती ने ही दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, 24 साल की युवती छात्रा है। उसने शिकायत में बताया कि वह जिम में जहां भी जाती है, ट्रेनर उसके पीछे-पीछे आता है। बाकी ट्रेनरों से उसके बारे में गलत बातें करता है। 13 नवबंर की रात वह, भाई और उसका दोस्त कैफे हगरी हेड में बैठे थे। यहां शमशेर आया, तो भाई ने उसे समझाया कि बहन को परेशान न करे। इस पर उसने दूसरे ट्रेनरों को बुलाकर भाई और दोस्त को घेर लिया। घर से उठवाने की धमकी देते हुए धक्का-मुक्की की। युवती के मुताबिक, वह अगले दिन जिम पहुंची, तो फिर आरोपी ने छेड़खानी शुरू कर दी। 18 नवंबर की रात भाई केक्स एंड कॉफ्ट शॉप में बैठे थे। शमशेर और तीन ट्रेनर धनराज, अनुज और अश्विन ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया।

# दो पेडलर पकड़ाए 43 एमडी बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने दो पैडलरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। आरोपियों से कार और दो मोबालि फोन भी मिले हैं।

डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि लगातार पैडलरों और तस्करों को पकडऩे की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया को मुखबिर से सूचना मिली कि डीआरपी लाईन रोड पर दो संदिग्ध कार से जा रहे हैं जिनके पास बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ है। इस पर तत्काल क्राइम ब्रांच की टीम को तत्काल बताए गए स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी साहिल खान निवासी आजाद नगर और आजाद खान निवासी मीणा वैलेस को गिर तार कर उनके कब्जे से एमडी ड्रग्स बरामद की। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं क्राइम ब्रांच ने एक अन्य कार्रवाई करते हुए राजस्थान के दो तस्करों को भी पकड़ा। डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुपरकारिडोर गांधीनगर चौराहे पर एक कार तेज गति से दिलीप नगर की ओर जाते दिखी। इस पर पुलिस टीम ने कार का पीछा किया और घेराबंदी कर कार में सवार इरशाद पिता शेख मोह मद निवासी खजराना, लखन पिता किशोर बैरागी निवासी झालावाड़ और दशरथ पिता रामलाल सेन निवासी झालावाड़ को गिर तार कर कार कती तलाशी ली तो उनके पास से करीब 52 ग्राम एमडी मिली आरोपी इसकी डिलेवरी देने ही इंदौर आए थे लेकिन वह डिलेवरी दे पाते इससे पहले क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ गए। तीनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## वॉट्सएप ग्रुप पर बदनाम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक युवती को आरोपी ने व्हाट्सएप ग्रुप पर बदनाम कर दिया, जिससे उसकी सगाई टूट गई। मामले में चंदन नगर थाने में छेड़खानी की एफआईआर दर्ज की गई है। 21 साल की युवती ने बताया कि सितंबर 2024 में उसकी शादी भोपाल में तय हुई थी। 20 सितंबर को उसे लेकर एक मैसेज फूड डिस्ट्रीब्यूशन नाम के वॉट्सऐप ग्रुप पर भेजा गया। एक अन्य ग्रुप विथ कजिंस पर भी ये मैसेज आए। इन मैसेजेस में उसके कैरेक्टर पर गलत बताया गया, मनगढ़ंत कहानियां बनाई गईं। इससे उसकी सगाई टूट गई। उसे और परिवार को बदनामी झेलनी पड़ी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने वॉट्सऐप ग्रुप के एडमिन और मोबाइल नंबर के धारक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां-बेटे पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पटाखा फोडऩे के विवाद में आरोपियों ने महिला और बेटे पर क्रिकेट के बैट से हमला कर घायल कर दिया। लैक पैलेस कालोनी में हुआ। चंद्रकांता पति अमरदीप रायकवार की रिपोर्ट पर एरोड्रम पुलिस ने आरोपी पंकज और छोटू उर्फ अनिकेत पर केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि छोटा बेटे लखन ने अपने घर के सामने पटाखे फोड़ा था। इसी बात पर सामने रहने वाले आरोपियों ने विवाद किया मेरे साथ मारपीट की। मेरा बेटा आदित्य बीच बचाव करने आया तो क्रिकेट के बैट से हमलाकर दिया।

# ऑनलाइन पढ़ाई हो या गेम, डिजिटल काम के दौरान सावधानी जरूरी

## साइबर अपराधी हमारी हर गतिविधियों पर रख रहे हैं नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी रड़ी में आज बुधवार को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम ने होली फेमिली कान्वेंटस स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया

साइबर अवेयरनेस के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में एडि. डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने अपनी 331वीं कार्यशाला में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के 1200 स्टूडेंट्स व टीचिंग स्टाफ को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के तरीके और इनसे बचने के गुर बताए। उन्होंने पुलिस के पास आने वाली शिकायतों की केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्राड, फाइनेंशियल फ्राड तथा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किस प्रकार अपराधी हमें शिकार बनाते हैं आदि के बारे में बताया। साथ ही साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन 1930, सायबरक्राइम.जीओवी. इन तथा साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें। इन शिकायतों पर पुलिस किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में प्रैक्टिकल रूप से समझाया। उन्होंने कहा किए ऑनलाइन पढ़ाई, गेमिंग या अन्य काम शॉपिंग आदि के दौरान सावधानी जरूरी है। क्योंकि सायबर अपराधी आप पर पूरी तरह नजरे गढ़ाए हैं।

# नन्हे बच्चे बोले- हम मम्मी-पापा को हेलमेट-सीटबेल्ट लगवाएंगे

## ट्रैफिक पुलिस की एजुकेशन विंग लगातार चला रही जागरुकता अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यातायात प्रबंधन पुलिस की एजुकेशन विंग द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसके तहत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्कूल, कॉलेज के छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।**

इसी कड़ी में बुधवार को एजुकेशन विंग की टीम द्वारा जीडी गोयनका स्कूल के बच्चो के लिए ट्रेफिक पार्क में ट्रेफिक बालमित्र की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे बच्चों ने कहा कि पुलिस हमारी दोस्त है। बच्चो ने यातायात नियमों के पालन की कविता सुना कर इसका महत्व बताया। जब उनसे पूछा कि आपके पैरेंट्स हेलमेट-सीट बेल्ट लगाते हैं या नहीं तो बच्चों ने बड़ी ही ईमानदारी के साथ हां व ना में जवाब दिया। बच्चों ने हेलमेट लगाने के फायदे भी बताएं और वादा किया कि हम पेरेंट्स को ट्रैफिक रूल्स पालन नहीं करने पर टोकेंगे। पुलिस द्वारा स्कूल आते-जाते समय रखी जाने वाली सावधानियां, ट्रैफिक लाइट, जेबरा क्रासिंग,स्टॉप लाइन, सुरक्षित सडक़ क्रास करने का तरीका, गली मोहल्ले में खेलते समय रखी जाने वाली सावधानी आदि के बारे में जानकारी दी गई। पाठशाला के पश्चात जब बच्चो से सवाल किए कि बड़े होकर क्या बनाओगे तो बच्चो ने उत्साह के साथ आर्मी, शिक्षक, डॉक्टर, पुलिस, इंजीनियर बनने की बात कही और उनका काम भी बताया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

### महिला से अश्लील हरकत

**इंदौर।** अधेड़ उम्र की महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने घर के सामने ही उससे अश्लील हरकत की थी। शिप्रा पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम राहुल निवासी चौधरी कॉलोनी है। उसके खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज करवाई है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके घर के नजदीक ही उसे अश्लील इशारे किए। इस बात का विरोध फरियादी और उसके परिवार के लोगों ने किया तो आरोपी ने विवाद कर उन पर हमला कर दिया।

### दो पक्षों में विवाद

**इंदौर।** सदर बाजार में दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि गुटकेश्वर मंदिर के पास गाड़ी टकराने को लेकर दो गुट भिड़ गए। इसमें कुछ नाबालिग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# प्रदेश सरकार ने बजट 2025 पर मांगे सुझाव

## 15 जनवरी तक बता सकेंगे कहां-क्या होना चाहिए बदलाव, उद्योगों के लिए लोकेशन भी पूछी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)।** बजट 2025 की तैयारियों में जुटी मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के नागरिकों से बजट को लेकर सुझाव मांगे हैं। सरकार ने प्रदेश के लोगों से पूछा है कि किस जिले में किस तहसील में किस तरह के उद्योग या लघु उद्योग लगाए जा सकते हैं जिससे रोजगार बढ़ सके। प्रदेश में पुराने शहरों की सड़कों, गलियारों के चौड़ीकरण, कस्बों के अंतर्विकास और अतिक्रमण व झुग्गीमुक्त बनाने को लेकर भी सुझाव देने के लिए कहा है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य औ परिवहन व्यवस्था को लेकर किस तरह का बदलाव लोग चाहते हैं, इस बारे में भी सुझाव देने के लिए कहा गया है।

सरकार की ओर से सुझाव एवं मार्गदर्शन मांगे गए हैं। यह सुझाव 15 जनवरी 2025 तक लिए जाएंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल न. भी अंकित करना होगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू हैं। बजट में आमजन के सुझाव लेने का कार्य पिछले कई सालों से बीजेपी की सरकार कर रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश के आम नागरिक से राज्य के बजट को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव देने को कहा है।

डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा विकसित मध्यप्रदेश @2047 का विजन तैयार किया जा रहा है। इसमें तय लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का लोक कल्याणकारी बजट तैयार किया जाएगा। समाज के सभी वर्गों से मिलने वाले सुझावों, मार्गदर्शन, प्राथमिकताओं से प्रदेश का बजट बनेगा। प्रदेश की राजस्व आय में वृद्धि के सुझाव भी बजट को और अधिक लोक कल्याणकारी स्वरूप देने में सहयोगी होंगे।

लोगों से इन सेक्टर में मांगे सुझाव- हरित ऊर्जा जैसे बायो गैस, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु संभावित स्थलों के संबंध में।

ऊर्जा के क्षेत्र में क्वालिटी इंप्रूवमेंट जैसे-स्मार्ट मीटर, एवरेज बिल की जगह एक्युअल बिल, विद्युत के पुराने तारों के स्थान पर केबल तार स्थापित करने, सड़कों के मध्य आने वाले पोल को हटाने, अस्थायी विद्युत कनेक्शनों को स्थायी विद्युत कनेक्शनों में परिवर्तित करने के तथ्यात्मक सुझाव।

परिवहन के क्षेत्र में क्वालिटी इंप्रूवमेंट के लिए सड़कों (जिला मार्ग, राज्य मार्ग एवं अन्तर्राज्यीय मार्ग) के विकास से संबंधित तथ्यात्मक सुझाव। ई-परिवहन को बढ़ावा देने वाले सुझाव, विचार, प्रस्ताव।

ग्रामीण विकास के लिए परंपरागत व्यवसायों के पुनरुद्धार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए सुझाव।

गौ-वंश के संवर्धन, संरक्षण एवं गौचरण भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के सुझाव।

मत्स्य विकास, मुर्गीपालन, दुग्ध उत्पादन, कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन एवं निर्यात के संबंध में सुझाव।

प्रदेश में बहने वाली सभी नदियों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनरुध्दार संबंधी सुझाव।

प्रदेश के वनों, वन्य जीवों तथा जैव-विविधता के संरक्षण, संवर्धन तथा वन ग्रामों में निवासरत जन जीवन की मूलभूत सुविधाओं के विकास संबंधी सुझाव।

स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के लिए मध्यप्रदेश में स्थित धार्मिक, नैसर्गिक (प्राकृतिक), ऐतिहासिक धरोहरों, स्थलों के विकास संबंधी तथ्यात्मक सुझाव।

रोजगार, उद्योग, कस्बों के विकास पर भी सजेशन मांगे-

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अधोसंरचनात्मक विकास के लिए सरकार के अतिरिक्त आमजनों के द्वारा आर्थिक सहयोग प्राप्त किये जाने संबंधी सुझाव।

रोजगार एवं उद्योग के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए क्षेत्र विशेष जैसे- जिला, ब्लॉक, नगर, ग्राम आदि में स्थापित किये जा सकने वाले उद्योग (निर्माण उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण, कृषि उद्योग एवं फर्नीचर उद्योग, कुटीर एवं हथकरघा, टेक्सटाईल, खिलौना, स्टेशनरी, गृह निर्माण सामग्री, वनोपज प्र-संस्करण, औषधि निर्माण आदि)।

वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत एक जिला-एक उत्पाद के लिए स्थानीय उत्पादों के उत्पादन एवं निर्यात संबंधी सुझाव।

प्रदेश के पुराने शहरों में सड़कों, गलियारों के चौड़ीकरण, ऐतिहासिक व पुरानें बाजारों के पुनर्विकास एवं अतिक्रमण, झुग्गी मुक्त शहरों की परिकल्पना संबंधी सुझाव।

सड़क, पुल, पार्को एवं अन्य अधोसंरचनात्मक विकास के सुझाव।

जन स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्रों पर सुझाव।

महिला एवं बाल विकास से संबंधित क्षेत्रों पर सुझाव।

सामाजिक सुधार जैसे-दिव्यांगजन, भिखारियों, आवासहीन, बेसहारा जनों आदि के कल्याण संबंधी सुझाव।

राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने वाले सुझाव।

प्रशासनिक सुधार से संबंधित सुझाव।

# पराली जलाने वालों की वकील नहीं करेंगे पैरवी

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का निर्णय, कहा- उर्वरक क्षमता पर पड़ता है असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)।** जबलपुर बार एसोसिएशन ने पराली जलाने वाले किसानों की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। हाईकोर्ट बार ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है। बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन का कहना है कि किसानों को यह बताया जाएगा कि पराली का सही तरीके से उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, और पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है।

किसान अक्सर धान की कटाई के बाद खेतों में लगी पराली को जला देते हैं, इससे प्रदूषण के साथ ही खेत में मौजूद जीव-जंतुओं और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान होता हैं।

### इसलिए लिया निर्णय

दरअसल, जिला प्रशासन ने कई बार किसानों को समझाइश दी। लेकिन, इसका असर देखने को नहीं मिला। ऐसे में अब हाईकोर्ट बार आगे आया है। पर्यावरण और जनहित को देखते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार ने निर्णय लिया है।

### जैविक संरचना पर बुरा असर पड़ता

कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक पराली जलाने से पत्तियों में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और मृदा के तापमान में वृद्धि होती है। इससे मिट्टी की जैविक संरचना पर भी बुरा असर पड़ता है। साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ता है। जिससे धुंध और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता हैं।

पराली जलाने से आसपास की फसलों और आबादी में आग लगने का खतरा रहता है, इसके अलावा वायु प्रदूषण के कारण सड़क हादसों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

किसानों को इस प्रथा को रोकना चाहिए और पराली को जलाने के बजाय उसका सही तरीके से उपयोग करना चाहिए।

# दौड़ने की प्रैक्टिस कर रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौत

## हाईवे पर रेलिंग तोड़कर सर्विस लेन में घुसा, दो लड़कियां घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी,(एजेंसी)। शिवपुरी के कांकर गांव में खेल प्रतियोगिता की तैयारी कर रही छात्राओं को ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रक की चपेट में आने से दो छात्राएं घायल हो गईं। घटना बुधवार तड़के 5 बजे की है। सतनबाड़ा थाना पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू कर दी है। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद आना बताई जा रही है।**

जानकारी के मुताबिक कांकर गांव के एक प्राइवेट स्कूल में कुछ ही दिनों में खेल प्रतियोगिता होने वाली है। इसी की तैयारी में स्कूली छात्राएं जुटी हुईं थी। आज भी सुबह साढ़े चार बजे 10वीं की छात्रा अंजलि पाल (15), 9वीं की छात्रा कविता प्रजापति (15), पायल रजक (14), नैन्सी पाल, परी और उसका भाई जोनेश प्रजापति दौड़ की तैयारी के लिए गांव से बाहर शिवपुरी-ग्वालियर हाईवे पर गए थे। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

### सर्विस लाइन में दौड़ रहीं थी छात्राएं

तड़के 5 बजे जब छात्राएं हाईवे की सर्विस लेन पर दौड़ लगा रहीं थी। तभी कांकर तालाब की पुलिया के पास ग्वालियर की ओर से आ रहा ट्रक सर्विस लेन को तोड़ते हुए उस पार पहुंच गया। इस दौरान अंजलि पाल, कविता प्रजापति और पायल रजक उसकी चपेट में आ गईं।

ट्रक की चपेट में आने से अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कविता गंभीर रूप से घायल है। कविता के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पायल रजक को भी चोट आई है। दोनों छात्राओं को पहले सतनबाड़ा और बाद में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

### पुलिस बोली- ड्राइवर को नींद आने से हादसा

सतनबाड़ा थाना प्रभारी सुनील राजपूत का कहना है कि घटना के बाद ट्रक का स्टाफ मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर केस दर्ज कर लिया है। पता चला है कि घटना ड्राइवर को नींद आने की वजह से हुई है। बाद में ट्रक का टायर भी फटा है।

### पुलिस में भर्ती होना चाहती थीं छात्राएं

अंजलि गांव की होनहार छात्रा थी। अंजलि और कविता दोनों की इच्छा पुलिस में भर्ती होने की थी। हेमंत पाल ने बताया कि उनकी भतीजी अंजलि गांव की टॉपर थी। हमेशा उसके नंबर 90 प्रतिशत के ऊपर ही आते थे। उसे अधिकारी बनने का शौक था। इसी के चलते वह शुरू से ही इसी तरह की तैयारी में जुटी रहती थी।

### गांव में नहीं है खेल मैदान, इसलिए दिक्कत

हेमंत पाल ने बताया कि कांकर गांव की आबादी 7 हजार के आसपास है। इस गांव में कोई खेल मैदान नहीं है। मजबूरी में गांव के बच्चों सहित युवाओं को तैयारी के लिए हाईवे की सर्विस लाइन पर जाना पड़ता है। हमें हमेशा डर लगा रहता है। आज वही डर सच हो गया और दुर्घटना में अंजलि की जान चली गई। बता दें कि घटना के वक्त करीब 7 से 8 बच्चे सर्विस लाइन पर थे।

# डिजिटल अरेस्ट में फंसे भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

## ठग बोले- आपकी सिम से हो रहा फ्रॉड, मुंबई में 17 शिकायत दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर,(एजेंसी)। अशोकनगर के भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी को आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसा लिया। बदमाश उनसे लगातार दो से ढाई घंटे तक वीडियो कॉल के माध्यम से बात करते रहे। काफी देर तक बात करने के बाद जब परिवार के लोगों को समझ आया तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के समय पर पहुंचने की वजह से वे ठगी शिकार होने से बच गए।**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार को मेरे अज्ञात नंबर से कॉल आ रहा था। इसके बाद बुधवार दोपहर को दोबारा कॉल आने पर उन्होंने उसे रिसीव कर लिया। शुरूआत में वाइस कॉल आई थी, इसके बाद में वीडियो कॉल आई।

फोन पर सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपका नाम से जो सिम है, इससे काफी फ्रॉड किया जा रहा है। कई लोगों से ठगी हुई है, जिसकी महाराष्ट्र के मुंबई में 17 शिकायत आई हैं। ठगों ने अक्टूबर महीने में यह रिपोर्ट दर्ज होने की बात कही।

डॉ. रघुवंशी ने बताया कि उस समय ठग की बात सुनकर वह डर गए। उन्हें लगा कि किसी ने उनके नाम से फर्जी सिम खरीद कर यह फ्रॉड किया है। इसी दौरान ठगों ने उन्हें बातों के जाल में फंसाया और कहा कि वह इस मामले में अधिकारियों से बात करते हैं।

### बैंक अकाउंट नंबर लेकर की रुपयों की मांग

साथ ही यह भी कहा कि आप कॉल पर जुड़े रहें। धीरे-धीरे करके उन्हें अपने बातों में फंसाकर आधार कार्ड और बैंक अकाउंट नंबर ले लिया। इस दौरान लगभग दो से ढाई घंटे का समय बीत गया। आरोपी डॉ. रघुवंशी से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने की मांग करने लगे।

### पुलिस को देखकर ठगों ने काटा फोन

इसके बाद जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजन को शक हुआ। इस दौरान उन्होंने दरवाजा खोलने से भी मना कर दिया। इसके बाद परिजन समझ गए और उन्होंने तुरंत कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद थाने से टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने दरवाजा खुलवाया। इसके बाद पुलिस को सामने देखकर ठगों ने फोन काट दिया।

डॉ. हरवीर रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने ठग को अपनी चार-पांच बैंकों के नंबर दे दिए थे। बाद में बैंकों में जाकर मोबाइल नंबर भी चेंज करवा दिए हैं।

# थाने में कॉन्स्टेबल की गोद भराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)।** रतलाम के डीडी नगर थाने का नजारा बुधवार को बदला हुआ था। परिसर में बना हॉल गुब्बारों से सजा था। ऐसा लग रहा था जैसे किसी के घर में कोई शगुन कार्यक्रम हो। साड़ी पहने एक महिला के पैरों पर कुछ महिला सिपाही आलता लगाती दिखीं। दरअसल, यहां कॉन्स्टेबल शानू जमरा की गोद भराई की रस्में अदा की जा रहीं थी। शानू के पिता की भूमिका टीआई रविंद्र दंडोतिया ने निभाई तो पूरा स्टाफ परिवार के सदस्य के रूप में शामिल हुआ। इस दौरान सभी लोग डीजे पर जमकर थिरके। शानू धार जिले के गंधवानी तहसील की रहने वाली हैं। उनका ससुराल मनावर के उमरवन में है। 2012 में उनके पिता का निधन हो गया था। परिवार में मां दितली बाई, भाई जितेंद्र जमरा हैं। ससुराल में सास-ससुर हैं, जो दूर रहते हैं। पति मोहन धारवे रतलाम ट्रैफिक थाने में पदस्थ हैं। लेकिन जावरा में ड्यूटी पर होने के चलते वह भी गोद भराई में शामिल नहीं हो पाए। परिवार की तरफ से केवल जेठ सुभाष धारवे शामिल हुए।

# संपादकीय

## समाधान की दिशा में कितना ठोस और सार्थक कदम?

दुनिया फिलहाल जिस तरह की उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, उसमें ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में हुए जी20 के सम्मेलन की अपनी अहमियत है। विश्व के प्रभावशाली देशों के शीर्ष नेतृत्वों के जुटने पर एक आम उम्मीद यह होती है कि मौजूदा विश्व में जिस तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसके संकट में तब्दील हो जाने की आशंका बन रही है, तो ऐसे में उनके हल के लिए एक ठोस निष्कर्ष सामने आए। मगर आमतौर पर होता यही है कि इस तरह की हर अंतरराष्ट्रीय बैठकों के बाद लिए गए संकल्प आने वाले वक्त में आधे-अधूरे या फिर उपेक्षित ही रह जाते हैं। सवाल है कि गंभीर समस्याओं का हल क्या अगंभीर या टालमटोल के अंदाज में निकल सकता है! इस बार ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में वैश्विक स्तर पर चुनौती के रूप खड़ी परिस्थितियों पर चर्चा जरूर हुई, घोषणापत्र में नई राह निकालने को लेकर सामूहिक रूप से उम्मीद भी जताई गई। मगर समस्याओं का समाधान करने के लिए उन पर अमल की राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। गौरतलब है कि विश्व की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेताओं ने सोमवार को जारी एक संयुक्त घोषणापत्र में भुखमरी की चुनौती से पार पाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौते की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही युद्धग्रस्त क्षेत्र गाजा में ज्यादा मदद पहुंचाने के अलावा पश्चिम एशिया के साथ-साथ यूक्रेन में भी युद्ध और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया गया। रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त बयान को जी20 के ज्यादातर सदस्यों का समर्थन मिला। मगर अंतरराष्ट्रीय हित का सवाल होने के बावजूद बयान को सर्वसम्मति नहीं मिली। इसमें भविष्य में अरबपतियों पर वैश्विक कर लगाने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों से अलग विस्तार करने की मांग के साथ सुधारों की बात भी कही गई। सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या में विस्तार का सवाल भारत भी उठाता रहा है। मगर इस दिशा में अब तक सिर्फ बातें ज्यादा हुई हैं, कोई ठोस प्रगति जमीन पर उतरती नहीं दिखी। उम्मीद के मुताबिक, सम्मेलन में यूक्रेन से शत्रुता समाप्त करने पर जोर दिया गया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका का जो रुख है, उसके कायम रहते हुए क्या उम्मीद की जा सकती है? वहीं रूस भी युद्ध में अपने पक्ष को सिर्फ जवाब के तौर पर देखता है। इसी तरह, इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में गाजा में कई हजार लोग मारे जा चुके हैं। मगर इजराइल के प्रति अमेरिका का नरम रुख जगजाहिर रहा है। ऐसे में सिर्फ आह्वान करने या सदिच्छा भर से युद्ध खत्म करने के हालात कैसे पैदा हो सकते हैं? यह छिपा नहीं है कि वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों की वजह से ही खाद्य, ईंधन और उर्वरक आदि का संकट पैदा हो रहा है और इससे सबसे ज्यादा विकासशील देश प्रभावित हैं। सम्मेलन में भारत ने यह मुद्दा जोर देकर उठाया भी। निश्चित रूप से मौजूदा विश्व में भुखमरी और युद्ध जैसे हालात विकास और उसकी सारी संभावनाओं को उल्टी दिशा की ओर मोड़ दे सकते हैं। इस लिहाज से प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देशों का इससे चिंतित होना स्वाभाविक है। मगर सवाल है कि संकट के हल का लक्ष्य हासिल करने के लिए क्या केवल चर्चा करना काफी हो सकता है? जब तक समस्या को खत्म करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए स्पष्ट दिशा और रास्ते तय करके उस पर निर्णायक कदम नहीं बढ़ाए जाएंगे, तब तक ऐसे सम्मेलनों की सार्थकता कैसे साबित होगी!

धर्म-कर्म

# साल के अंतिम गुरु पुष्य योग पर धन वृद्धि के लिए करें उपाय, नए साल 2025 तक रहेगा प्रभाव

गुरु पुष्य योग को बेहद शुभ माना जाता है और इस दिन सोना चांदी, जमीन मकान खरीदना या नए बिजनस या काम की शुरुआत करना बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से धन व संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। ज्योतिष में गुरु पुष्य योग का महत्व बताते हुए कुछ विशेष ज्योतिष उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों के करने से धन धान्य में वृद्धि होती है और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। आइए जानते हैं आज गुरु पुष्य योग में किए जाने वाले उपायों के बारे में...



आज गुरु पुष्य योग बन रहा है, जो साल 2024 का अंतिम गुरु पुष्य योग भी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पुष्य नक्षत्र जब गुरुवार के दिन पड़ता है, तब गुरु पुष्य योग बनता है। गुरु और पुष्य नक्षत्र दोनों ही ज्ञान, भाग्योदय, समृद्धि, धन आदि के प्रतीक माने जाते हैं इसलिए इन दोनों के संयोग से बनने वाला योग बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग में किए गए शुभ काम हमेशा ही सफल होते हैं और समृद्धि दायक माने जाते हैं। आज गुरु पुष्य योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग भी बना है, जो बेहद शुभ माना गया है। इस योग में अगर आप ज्योतिष के कुछ उपाय करेंगे तो जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं रहेगी और इसका प्रभाव नए साल 2025 तक देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं गुरु पुष्य योग में किए जाने वाले इन उपायों के बारे में...

### गुरु पुष्य योग का महत्व

पुष्य नक्षत्र जब जब गुरुवार के दिन पड़ता है, तब तब गुरु पुष्य योग बनता है। पुष्य नक्षत्र को सभी 27 नक्षत्रों का राजा कहा जाता है और नक्षत्रों के क्रम में 8वें स्थान पर पुष्य नक्षत्र आता है। पुष्य नक्षत्र कर्क राशि के अंतर्गत आता है, जिसके स्वामी चंद्रमा हैं। यह बेहद कल्याणकारी और शुभ नक्षत्र माना गया है, जिसके इष्ट देव देवताओं के गुरु बृहस्पति यानी गुरु ग्रह हैं और स्वामी शनिदेव हैं। अगर कुंडली में गुरु दोष बन रहा है तो गुरु पुष्य योग के दिन गुरु दोष के अशुभ प्रभाव को खत्म करने के लिए सबसे उत्तम माना गया है। इस दिन कोई शुभ काम करने के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं पड़ती है। गुरु पुष्य योग में जमीन-जायदाद, सोने-चांदी के आभूषण आदि खरीदना बहुत शुभ फलदायी माना जाता है।

### नौकरी व कारोबार में उन्नति के लिए करें यह उपाय

गुरु पुष्य योग के दिन पारद लक्ष्मी के साथ एकाक्षी नारियल की पूजा करना बहुत उत्तम माना जाता है और आज गाय को गुड़ भी खिलाएं। ऐसा करने से नौकरी व कारोबार में चल रही समस्याएं दूर होती हैं और धन धान्य में वृद्धि भी होती है। इस दिन पूजा में इस्तेमाल किए गए नारियल को लाल कपड़े में बांधकर धन के स्थान जैसे अलमारी या तिजोरी में रख दें। वहीं अगर आप नौकरी खोज रहे हैं या करियर में तरक्की हासिल करना चाहते हैं पारद लक्ष्मी की पूजा अर्चना करें।

### अटका धन प्राप्त करने के लिए करें यह उपाय

कई बार ऐसी स्थिति बनती है कि मदद के लिए हम धन दे देते हैं लेकिन धन को वापस मिलने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप गुरु पुष्य योग के दिन घर के बाहर कुमकुम और हल्दी से स्वास्तिक बनाएं और दक्षिणावर्ती शंख की पूजा करें। मान्यता के अनुसार, दक्षिणावर्ती शंख की पूजा करने से भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अटका धन प्राप्त करने के लिए यह बेहद सरल उपाय है।

### दरिद्रता दूर करने के लिए करें यह उपाय

गुरु पुष्य योग के दिन चांदी का एक चौकोर टुकड़ा खरीदकर घर ले आएं और माता लक्ष्मी के साथ चौकोर टुकड़ा का पूजन करें। पूजा के दौरान माता लक्ष्मी को गुलाब के फूल, पानी वाला नारियल और सात कौड़ियां माता के चरणों में अर्पित कर दें। फिर आधी रात के बाद इन कौड़ियों को घर के चारों कोनों में रख दें और चांदी के चौकोर टुकड़े को हमेशा अपने पास रखें। ऐसा करने से घर में माता लक्ष्मी का वास होता है और दरिद्रता भी दूर रहती है।

### धन लाभ के लिए करें यह उपाय

गुरु पुष्य योग के दिन श्रीयंत्र को घर लेकर आएं और उसका लाल कपड़े पर रखकर कच्चे दूध और गंगाजल से अभिषेक करके माता लक्ष्मी के पास रख दें। इसके बाद माता लक्ष्मी के साथ श्रीयंत्र का केसर से तिलक करें और मिश्री का भोग लगाएं। फिर 21 बार श्रीसूक्त का पाठ करें और कमलगट्टे की माला से लक्ष्मी के प्रभावशाली मंत्र 'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्मी नमः' सुबह-शाम जप करें। ऐसा करने से आपके धन, सम्मान और भाग्य में वृद्धि होगी और सभी कार्य माता के आशीर्वाद से सफल भी होंगे।

### गुरु पुष्य योग के इस उपाय से धन संपत्ति में होगी बढ़ोतरी

गुरु पुष्य योग में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद केसर युक्त खीर का भोग लगाएं। साथ ही कनकधारा स्तोत्र का पाठ भी करें। भोग लगाने के बाद खीर को प्रसाद स्वरूप सबसे पहले घर की सबसे बड़ी महिला को दें। इसके बाद सभी को खीर प्रसाद के रूप में बांट दें। ऐसा करने से जीवन के सभी क्षेत्रों में जो भी टेंशन चल रही है, वह खत्म हो जाएगी और धन संपत्ति में बढ़ोतरी होगी।

### गुरु ग्रह को मजबूत करने के लिए उपाय

गुरु पुष्य में नया काम स्टार्ट करना, निवेश करना, घर-मकान या सोना चांदी खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। वहीं अगर आप इन सभी चीजों को नहीं खरीद पा रहे हैं तो इस दिन हल्दी जरूर खरीदें। ऐसा करने से कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होती है और गुरु दोष से मुक्ति भी मिलती है। गुरु ग्रह के शुभ प्रभाव से व्यक्ति दयालु, धैर्यवान, बुद्धिमान होता है और भाग्य का हर कदम पर साथ मिलता है, जिससे जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है।

New Delhi

# बीकानेर हाउस की होगी कुर्की, दिल्ली की कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली की एक अदालत ने राजस्थान में नोखा नगर पालिका के स्वामित्व वाले बीकानेर हाउस को कुर्क करने का आदेश दिया है। राजस्थान की नोखा नगर पालिका और एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच विवाद के बाद हुए समझौते का पालन नहीं करने पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है।

दरअसल, कोर्ट नोखा नगर पालिका को 50.31 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने यह आदेश 21 जनवरी 2020 को दिया था। जिसके बाद अब तक नगर पालिका ने कंपनी को भुगतान नहीं किया। अदालत ने नोखा नगर पालिका के प्रतिनिधि को अगली सुनवाई की तारीख 29 नवंबर को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है।



इससे पहले हिमाचल प्रदेश की हाईकोर्ट ने दिल्ली के मंडी हाउस में स्थित हिमाचल भवन की कुर्की का आदेश दिया था। हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत ने सेली कंपनी को 64 करोड़ रुपए अपफ्रंट प्रीमियम अदा न करने पर हिमाचल भवन नई दिल्ली की संपत्ति अटैच करने के आदेश पारित किए। साथ ही कंपनी को अपफ्रंट प्रीमियम 7 फीसदी ब्याज समेत याचिका दायर होने की तारीख से देने को कहा है। अदालत ने प्रधान सचिव ऊर्जा को 15 दिन में जांच कर पता लगाने को कहा है कि किन दोषी अधिकारियों की चूक के कारण राशि जमा नहीं की गई। ब्याज की राशि दोषी अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से वसूल करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई 6 दिसंबर को होगी।

Uttarpradesh

# मेरठ में किसान की निर्मम हत्या, लूटने वाले गिरोह के बदमाशों ने की वारदात

## गुस्साए ग्रामीणों का हंगामा



**मेरठ, (एजेंसी)** मेरठ के परीक्षितगढ़ के आलमगिरपुर बढ़ला गांव निवासी किसान की अमीनाबाद बड़ा गांव के खेतों में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि ट्यूबवेल पर सामान लूटने वाले गिरोह के बदमाशों का कोविंद्र से आमना सामना हो गया। कोविंद्र ने पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसे सीने में गोली मार दी। गोली लगने के चलते कोविंद्र की मौत हो गई। वारदात के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया और जमकर हंगामा हुआ। आलमगिरपुर बढ़ला आठ निवासी 35 वर्षीय कोविंद्र सिंह पुत्र गुरपाल सिंह की अमीनाबाद बड़ा गांव में जमीन है। बुधवार दोपहर एक बजे कोविंद्र बाइक से खेत पर गया था। शाम पांच बजे तक वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने तलाश शुरू की और खेत पर पहुंच गए। शाम करीब छह बजे ग्रामीण खेतों पर पहुंचे तो वहां कोविंद्र की ट्यूबवेल का ताला टूटा पड़ा मिला। इसके बाद आसपास के खेतों में कोविंद्र की तलाश शुरू की गई। ट्यूबवेल से करीब 50 मीटर की दूरी पर ही एक खेत में कोविंद्र लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीण और इंस्पेक्टर दिनेश प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। फारेंसिंस टीम ने शव के आसपास मौजूद सभी सामान को सुरक्षित किया है। वहीं, कुछ अंगुलियों के निशान भी उठाए हैं।

Uttarpradesh

# पटना: मिठाई की दुकान में फटा LPG सिलेंडर, एक की मौत

**पटना, (एजेंसी) पटना में एक मिठाई की दुकान में सिलेंडर फटने से दुकान मालिक की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए. सिलेंडर में ब्लास्ट के कारण दुकान में आग लग गई. इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि दुकान जलकर पूरी तरह खा हो गई है.**

फायर टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि पटना के राजीव नगर नाला स्थित वीर कुंवर सिंह चौक पर स्थित एक मिठाई की दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट से आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पा लिया. हालांकि, दुकान में सिलेंडर फटने के कारण व्यक्ति की मौत हो गई है और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं.

उन्होंने आगे बताया कि मृतक की पहचान दुकान मालिक उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है. मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है. वहीं, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

Odisha

# युवती की छाती पर मारा, खिलाया इंसान का मल; ओडिशा में आदिवासी से हैवानियत

**ओडिशा, (एजेंसी) ओडिशा से एक व्यथित करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि यहां दबंगों ने एक आदिवासी युवती के साथ पहले मारपीट की और इंसान का मल खाने पर मजबूर किया। इस घटना के बाद से ही आदिवासी संगठनों में रोष है और विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जानकारी दी है कि आरोपी फरार है और उसे पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।**

बोलांगीर जिले में 20 वर्षीय एक आदिवासी महिला पर कथित रूप से हमला किया गया और उसके मुंह में जबरन (मानव) मल डाल दिया गया। पुलिस का कहना है कि कि 16 नवंबर को बंगामुंडा थानाक्षेत्र के जूराबंधा गांव में यह घटना हुई। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी गैर-आदिवासी



व्यक्ति महिला के खेत से ट्रैक्टर ले जा रहा था, जिससे फसल को नुकसान हो रहा था, जिसपर महिला ने उसका विरोध किया। इसपर, आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके मुंह में जबरन मानव मल डाल दिया। खबर है कि आरोपी ने मारपीट के साथ युवती से जातिसूचक शब्द भी कहे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 16 नवंबर को महिला तालाब से नहाकर घर जा रही थी।

खेल

# आईसीसी टी20 रैंकिंग : तिलक शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शुमार सूर्यकुमार को पीछे छोड़ा, हार्दिक नंबर-एक ऑलराउंडर बने

**दुबई, (एजेंसी)** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हाल ही में खेली गई टी20 सीरीज के बाद आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा लगातार दो शतक लगाने के बाद 69 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। तिलक पहली बार टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष-10 में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। वहीं, भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक टी20 ऑलराउंडर बन गए हैं।





## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार्दिक का ऑलराउंड प्रदर्शन

हार्दिक ने दक्षिण अफ्रीका में भारत की हालिया सीरीज के दौरान कुछ अच्छी पारियां खेली थीं। लिविंगस्टोन के अलावा हार्दिक ने नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ दिया। इस सीरीज में 31 वर्षीय हार्दिक ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल दिखाया था। चार मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में हार्दिक ने नाबाद 39 रन की पारी खेली थी। वहीं, चौथे और निर्णायक टी20 मैच में उन्होंने आठ रन देकर एक विकेट लिया था। इसकी बदौलत भारत ने 3-1 से सीरीज अपने नाम करने में कामयाब रहा था। यह दूसरी बार है जब हार्दिक टी20 ऑलराउंडरों की सूची में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचे हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस चौथे नंबर पर और श्रीलंका के पूर्व कप्तान वानिंदु हसरंगा पांचवें नंबर पर हैं।

## तिलक वर्मा ने लगाई जबरदस्त छलांग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज और उभरते हुए युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को लगातार दो शतकों से काफी फायदा हुआ। वह सीरीज में 280 रनों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 69 पायदान की लंबी छलांग लगाई। वह फिलहाल टी20 में भारत की सबसे बेहतर रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं और पहले स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से पीछे हैं। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव उनसे एक स्थान पीछे यानी चौथे स्थान पर खिसक गए हैं।

## सैमसन को भी रैंकिंग में हुआ फायदा

इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में दो शतक बनाने वाले संजू सैमसन टी20 बल्लेबाजों की सूची में 17 स्थान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए। ट्रिस्टन स्टब्स तीन पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर और हेनरिक क्लासेन छह स्थान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गए। अन्य बल्लेबाजों में श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कुसाल मेंडिस टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से संयुक्त रूप से 12वें और वेस्टइंडीज के शाई होप 16 स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सिनेमा

# मेरे बालों को सहला रहे थे और... एक्सीडेंट के बाद आधी रात को निकी से अस्पताल मिलने पहुंचे थे शाहरुख





बॉलीवुड एक्ट्रेस निकी अनेजा वालिया अपने जमाने की जानी मानी अभिनेत्रियों में से रही हैं। निकी ने बॉलीवुड फिल्मों से लेकर, कई म्यूजिक वीडियो और टीवी शोज में काम किया है। निकी ने अस्तित्व, सी हॉक्स और घरवाली बाहरवाली जैसे लोकप्रिय शो से टीवी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई। दुर्भाग्य से, जब निकी अपने करियर के टॉप पर थीं, तब सेट पर एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गईं थीं। एक कार ने उन्हें कुचल दिया था। खैर अब निकी का एक लेटेस्ट इंटरव्यू चर्चा में आया है, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया।

निकी अनेजा वालिया ने हाल ही में सिद्धार्थ कनन के साथ इंटरव्यू में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। निकी ने अपनी लाइफ के उस बुरे वक्त को भी याद किया जब करियर के शिखर पर उनका एक्सीडेंट हो गया था और वो डेढ़ महीने तक अस्पताल में थी। निकी ने बताया, 'मैं डेढ़ महीने तक अस्पताल में थी। मेरा इलाज चल रहा था और मैं बेसुध थी। एक रात, मैं अचानक उठी और देखा कि शाहरुख खान मेरे अस्पताल के बिस्तर के बगल में बैठे हैं। मुझे लगा कि मैं बहुत ज्यादा दवा ले रही हूं और मैं शाहरुख की कल्पना कर रही हूं।'

## Highlights

1. **BJP acting out of fear of defeat: Patole on crypto scam allegations**
2. **Delhi air quality improves to 'very poor' after 8 days, AQI at 379**
3. **India reacts to Canadian media report against PM Modi**
4. **Cancel flight if it's late by more than 3 hrs: Minister to airlines**
5. **PM Modi receives 'Key to the City of Georgetown' during Guyana visit**
6. **India, Guyana sign 10 MoUs to strengthen ties during PM's visit**

# Adani stocks crash up to 20% after Gautam Adani indicted by US over alleged $250 million bribe plot

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Group shares plunged when the markets opened on Thursday, November 21, 2024, after the US Securities and Exchange Commission (SEC) announced it was pressing charges against Adani Group chairman Gautam Adani, Sagar Adani, and Cyril Cabanes, an executive of Azure Power Global Ltd in a bribery and fraud case.

Stocks of Adani Group companies share fell as much as 20 per cent to intra-day low on Thursday. Adani Green Energy Ltd, the main company involved in the case saw its shares plummeting 16 per cent or by ₹225.85 to ₹1,185.90 after the market opened.

Meanwhile, Adani Enterprises Ltd, the flagship Adani Group company saw its share fall 10 per cent or by ₹282.00 to reach ₹2,538.20.

What were the charges by the US SEC against Adani about?

The SEC charged Gautam Adani, Sagar Adani, and Cyril Cabanes, an executive of Azure Power Global Ltd for misleading US investors, alleging a massive bribery scheme with the Indian government.




The US market regulator said the scheme was to secure a commitment of the Indian government buying energy from them at above-market rates that would benefit Adani green and Azure Power.

During the alleged scheme, Adani Green raised more than $750 million from investors and $175 million from US investors, with Azure Power's stock also being traded on the New York Stock Exchange, the SEC said.

The SEC's complaint seeks permanent injunctions, civil penalties, and officer and director bars. "As alleged, Gautam and Sagar Adani induced US investors to buy Adani Green bonds through an offering process that misrepresented not only that Adani Green had a robust anti-bribery compliance program but also that the company's senior management had not and would not pay or promise to pay bribes, and Cyril Cabanes participated in the underlying bribery scheme while serving as director of a US public company," said Sanjay Wadhwa, Acting Director of the SEC's Division of Enforcement. "We will continue to vigorously pursue and hold individuals, including senior corporate officers and directors, accountable when they violate our securities laws."

# C2C एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 22 को खुलेगा

## फ्रेश इश्यू साइज – ₹10 प्रत्येक के 43,83,600 इक्विटी शेयर्स

मुंबई। डिफेंस, होम लैंड सिक्योरिटी और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए कॉम्प्लेक्स सिस्टम्स के डेवलपमेंट में सुविज्ञता रखने वाली और कॉम्प्लेक्स वेपंस और सेंसर के इंटीग्रेशन सहित रक्षा बलों के सभी आर्म को सशर्त अत्याधुनिक सॉल्यूशंस की डिलीवरी भी करने वाली C2C एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने 22 नवंबर 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है.कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 99.07 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.

इश्यू साइज 214- 226 प्रति शेयर प्राइस बैंड और 10 प्रत्येक सम भाव के साथ 43,83,600 इक्विटी शेयर्स है.

इक्विटी शेयर आवंटन- क्यूआईबी एंकर पोर्शन– 12,49,200 इक्विटी शेयर्स से अधिक नहीं क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर– 8,32,800 इक्विटी शेयर्स से अधिक नहीं नान-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स – 6,24,600 इक्विटी शेयर्स से कम नहीं रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स – 14,57,400 इक्विटी शेयर्स से कम नहीं मार्केट मेकर – 2,19,600 इक्विटी शेयर्स

आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग दुबई में नए अनुभव केंद्र और दोनों बेंगलुरु और दुबई में नए परिसरों में फिट आउट के साथ बेंगलुरु में मौजूदा अनुभव केंद्र में सुधार करने और ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने के लिए पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने में किया जाएगा, बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत में नए परिसरों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान के लिए, कार्यशील पूंजी की जरूरत, आम कारपोरेट कार्य और इश्यू खर्च का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर बिडिंग 21 नवंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 26 नवंबर, 2024 को बंद होगा.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक